# खबर समय पर

मध्य प्रदेश>छत्तीसगढ़

Friday 16th January 2026



## Whatsmeds



medicine
Whatsmeds
But Jennifer Aniston & Cast Took
Home Only 16.6% Over

"Whatsmeds: दवाइयाँ अब घर बैठे, तेज़ और सुरक्षित

Contact
+91 91794 81231



## shikha art craft

घर को सजाने का अनोखा तरीका। शिखा आर्ट और क्राफ्ट में आपको मिलेगा खूबसूरत हैंडीकाफ्ट, डेकोर आइटम्स और क्रिएटिव सजावट के सामान, वो भी होलसेल रेट में। अपने घर और ऑफिस को दें नया अंदाज, और पाएं क्वालिटी और स्टाइल का बेहतरीन संगम।"

होलसेल रेट में खरीदें

संपर्क करें
+91 80859 59246





छतरपुर पुलिस का नशा मुक्ति अभियान तेज, दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर सघन निगरानी

## चाय-पान दुकानों की जांच, प्रतिबंधित सामग्री पर कार्रवाई, नशे में वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच

छतरपुर जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को एनडीपीएस एक्ट एवं आबकारी अधिनियम के तहत अवैध मादक पदार्थों और शराब से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में छतरपुर पुलिस द्वारा शराब दुकानों के आसपास, सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नशा करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा लगातार भ्रमण कर चाय-पान के टपरों, दुकानों और संदिग्ध स्थानों की सघन चेकिंग की जा रही है।

## BREAKING NEWS

### सरवई में जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 5 जुआरी गिरफ्तार, ₹12,400 नकद जब्त

छतरपुर जिले में जुआ और सट्टा गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में थाना सरवई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुए के फड़ पर छापा मारकर 5 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन के निर्देश पर गठित टीम को कस्बा सरवई स्थित सब्जी मंडी टावर के पास जुआ खेलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दबिश दी।

छापेमारी के दौरान जुआ खेलते हुए 5 आरोपी पकड़े गए, जिनके पास से और जुए के फड़ से कुल ₹12,400 नगद राशि बरामद की गई।

छतरपुर

## डायल 112 की तत्परता से बिछड़े भाई-बहन परिजनों से मिले, छतरपुर पुलिस की संवेदनशील पहल

### गढ़ी मलहरा थाना क्षेत्र में 3 वर्षीय बालिका और 4 वर्षीय बालक को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया

छतरपुर जिले के थाना गढ़ी मलहरा क्षेत्र में डायल 112 पुलिस की त्वरित और मानवीय कार्रवाई से बिछड़े भाई-बहन अपने परिजनों से सुरक्षित मिल पाए।



● राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल से प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम खबरी में एक 3 वर्षीय बालिका और 4 वर्षीय बालक भटके हुए पाए गए थे। सूचना मिलते ही डायल 112 की आकस्मिक पुलिस सेवा टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दोनों बच्चे आवश्यक जानकारी देने में असमर्थ

और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू की। ग्रामीणों के सहयोग से जानकारी जुटाई गई, जिसके बाद बच्चों के मामा मौके पर पहुंचे, जो अपने भांजा-भांजी की तलाश कर रहे थे। मामा ने बताया कि दोनों बच्चे अपनी मां के साथ ग्राम करोला से ननिहाल पिढ़ा आए हुए थे और खेलते

पुष्टि के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों को सकुशल उनके मामा के सुपुर्द कर दिया। बच्चों के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने छतरपुर पुलिस और डायल 112 टीम का आभार व्यक्त किया।

# खबर समय पर

मध्य प्रदेश>छत्तीसगढ़

Friday 16th January 2026



जिलेभर में पुलिस बल तैनात, पतंगबाजी और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता

## मकर संक्रांति पर छतरपुर पुलिस अलर्ट, धार्मिक स्थलों, घाटों और मेलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मकर संक्रांति पर्व को लेकर छतरपुर पुलिस द्वारा जिलेभर में शांति, सुरक्षा और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए व्यापक इंतजाम किए गए। पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस बल को सभी धार्मिक स्थलों, नदी-घाटों और मेला परिसरों में तैनात किया गया। पुलिस अधीक्षक छतरपुर के निर्देशन में जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों जटाशंकर, मतंगेश्वर महादेव मंदिर, भीमकुंड, बागेश्वर धाम, हनुमान टोरिया सहित अन्य मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर भ्रमण और निगरानी की गई। मकर संक्रांति पर लगने वाले मेलों को देखते हुए सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बूढ़ा बांध एवं ग्राम कर्री, राजनगर के खजुआ, पड़रिया चौकी अंतर्गत नैगुंवा, बिजावर के पाली गांव, भगवा थाना क्षेत्र के सिंधन मेला, जुझार नगर के धंधा गिरी मेला, चंदला के अवध कुंड मेला एवं दंगल, अलीपुरा के छाती पहाड़ी मेला और मातगुंवा थाना क्षेत्र के पिपोरा कला व गुबरन मेला सहित जिले के सभी मेला स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया।

## BREAKING NEWS

ग्राम पटना की घटना, अवैध देशी कट्टा व बोलेरो वाहन बरामद — मुख्य आरोपी प्रांशु पाल पर पोक्सो सहित कई संगीन अपराध दर्ज

छतरपुर जिले के थाना लवकुश नगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटना में अवैध हथियार से फायरिंग और डंडों से मारपीट कर हत्या के प्रयास की गंभीर घटना पर पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फरियादी, पीड़ित परिजनों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के कथनों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का प्रयास, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना के कुछ ही समय बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में— बरदानी पाल उर्फ बाबादीन, राहुल पाल, नरेश उर्फ रूपेंद्र पाल, आनंद उर्फ प्रांशु पाल, सोनू उर्फ प्रिंस पाल (सभी निवासी ग्राम पटना) एवं अभिषेक उर्फ सूरजबली पाल निवासी ग्राम जमूपुरा शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध देशी कट्टा, बोलेरो वाहन सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रांशु पाल पूर्व से हत्या के प्रयास, पोक्सो एक्ट एवं मारपीट जैसे चार गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि अन्य संभावित आरोपियों की तलाश एवं विवेचना की कार्रवाई लगातार जारी है।

## पठापुर रोड हत्या मामला: कोतवाली पुलिस ने ₹10 हजार के इनामी 2 फरार आरोपियों समेत 8 को किया गिरफ्तार

छतरपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पठापुर रोड पर एक माह पूर्व हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इलाज के दौरान पीड़ित की मौत के बाद जिस मामले में हत्या की धारा जोड़ी गई थी, उसमें शामिल ₹10 हजार के इनामी दो फरार आरोपियों सहित कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना के बाद थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। बाद में पीड़ित की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण में हत्या की धारा की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन के निर्देश पर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी और फरार आरोपियों पर ₹10,000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने पहले ही घटना में शामिल 6 आरोपियों— मनीष कुशवाहा उर्फ चखना, चंदू उर्फ चंद्र प्रकाश कुशवाहा, भगवान दास उर्फ हल्के, रामप्रसाद उर्फ भज्जू कुशवाहा, पप्पू उर्फ हरदास कुशवाहा और हरदास कुशवाहा की पत्नी—को गिरफ्तार कर उनसे घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे बरामद कर लिए थे। इसके बाद फरार चल रहे दो इनामी आरोपियों चतुर उर्फ बुद्धू कुशवाहा और जयप्रकाश उर्फ पुलाव कुशवाहा (निवासी वार्ड क्रमांक 38, पठापुर रोड) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी जयप्रकाश उर्फ पुलाव पूर्व से मारपीट जैसे अपराधों में लिप्त रहा है। फिलहाल सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कानूनी कार्रवाई जारी है।

### इलाज के दौरान मौत के बाद हत्या की धारा बढ़ी, मुख्य आरोपी जयप्रकाश उर्फ पुलाव पूर्व से आपराधिक प्रवृत्ति का



# खबर समय पर

**मध्य प्रदेश>छत्तीसगढ़**

**Friday 16th January 2026**




एमपीयूडीसी की योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश, धीमी प्रगति पर कलेक्टर सख्त

## इंटेक वेल, ओएचटी, डब्ल्यूटीपी व सीवरेज कार्यों की समीक्षा, लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट नोटिस के निर्देश

छतरपुर जिले में पेयजल एवं सीवरेज योजनाओं की प्रगति को लेकर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एमपीयूडीसी (मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी) के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्वयं कलेक्टर ने की। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर पी.डी. तिवारी, सहायक परियोजना प्रबंधक हिमांशु अग्रवाल, पीआईयू के उपयंत्री, निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं सलाहकार संस्था के इंजीनियर उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बड़ामलहरा, गढ़ीमलहरा, महाराजपुर, बारीगढ़, चंदला, हरपालपुर, घुवारा, सटई, बिजावर, खजुराहो और राजनगर की वॉटर सप्लाई योजनाओं के अंतर्गत इंटेक वेल, ओएचटी, डब्ल्यूटीपी सहित अन्य कार्यों एवं सीवरेज प्लांट्स की भौतिक प्रगति की गहन समीक्षा की।

## BREAKING NEWS

### इंदौर में रविवार के मुकाबले को लेकर तैयारियां तेज, दोनों टीमें पहुंचीं शहर

इंदौर में रविवार को खेले जाने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मुकाबले में हिस्सा लेने वाली दोनों टीमें इंदौर पहुंच चुकी हैं, वहीं आज से खिलाड़ी मैदान पर उतरकर प्रैक्टिस सेशन शुरू करेंगे।


मैच से पहले इंदौर का मौसम पूरी तरह अनुकूल नजर आ रहा है। आसमान साफ है और बारिश की कोई संभावना नहीं है, जिससे मैच के पूरे ओवर खेले जाने की उम्मीद है। हालांकि, शाम के समय गिरने वाली ओस मैच का सबसे बड़ा फैक्टर बन सकती है।

क्रिकेट विशेषज्ञों के मुताबिक ओस के कारण बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को बढ़त मिल सकती है। गेंद गीली होने से गेंदबाजों को ग्रिप में परेशानी हो सकती है, जबकि बल्लेबाजों को शॉट खेलने में आसानी मिलेगी। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर सकती है।

## बीसीसीआई अध्यक्ष पद के चुनाव में सीधा मुकाबला, तेजकुलपाल सिंह पाली बनाम गोविंद गोयल

भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए अब सीधा मुकाबला पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली और कांग्रेस नेता गोविंद गोयल के बीच होने जा रहा है। चुनावी प्रक्रिया के तहत आज नामांकन वापसी का आखिरी दिन है। जानकारी के अनुसार वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष और उनके बेटे आकाश गोयल आज अपना नामांकन वापस लेने जा रहे हैं। इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए मैदान में सिर्फ दो उम्मीदवार रह जाएंगे, जिससे मुकाबला पूरी तरह से दो-तरफा हो जाएगा। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होते ही आज शाम तक अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। इसके साथ ही चुनाव प्रचार भी औपचारिक रूप से तेज होने की संभावना है। बीसीसीआई के इस चुनाव को लेकर व्यापारिक वर्ग में खासा उत्साह देखा जा रहा है। व्यापारियों की नजर इस बात पर टिकी है कि संगठन की कमान किसके हाथों में जाएगी और आने वाले कार्यकाल में व्यापारिक हितों, उद्योगों और नीतिगत मुद्दों पर कौन सा नेतृत्व ज्यादा प्रभावी भूमिका निभाएगा।

### कार्यकारी अध्यक्ष व बेटे आकाश गोयल नामांकन लेंगे वापस, शाम तक साफ होगी चुनावी तस्वीर



# खबर समय पर

मध्य प्रदेश>छत्तीसगढ़

Friday 16th January 2026



इंदौर: इनकम टैक्स विभाग ने बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर छापेमारी की

## सपना-संगीता रोड कार्यालय और डायरेक्टर के घर पर सर्वे जारी, कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों की जांच

इंदौर में इनकम टैक्स विभाग ने सड़क निर्माण क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ठिकानों पर शनिवार को छापेमारी की। यह कार्रवाई कंपनी के सपना-संगीता रोड स्थित कार्यालय और कंपनी के डायरेक्टर के आवास पर की जा रही है। इनकम टैक्स टीम ने दोनों जगहों पर सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। टीम कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड, बैंक दस्तावेज और अन्य आवश्यक कागजात की जांच कर रही है। विभाग ने बताया कि यह कार्रवाई नियमानुसार कंपनी के वित्तीय लेन-देन की सत्यता और कर संबंधी अनुपालन की जांच के लिए की जा रही है। कंपनी और उसके प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है। इस दौरान कार्यालय और डायरेक्टर के घर पर टीम ने सभी दस्तावेजों का अवलोकन किया और आवश्यक दस्तावेज जब्त किए।

## BREAKING NEWS

भोपाल एम्स में मरीज और परिजन विभागों की भूलभुलैया में भटक रहे

भोपाल एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजन अक्सर बिल्डिंग के अंदर की भूलभुलैया में फंस जाते हैं। मरीज पूछते हैं कि पैथोलॉजी कहां है, एमआरआई कहां होगी, या उनके संबंधित डॉक्टर किस विभाग में बैठे हैं।

बार-बार यह जानकारी पूछने में समय बर्बाद होता है और मरीजों का तनाव बढ़ता है। इससे न केवल मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी बढ़ रही है, बल्कि अस्पताल के कर्मचारियों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि स्पष्ट साइनबोर्ड, सूचना केंद्र और दिशानिर्देश इस समस्या का समाधान हो सकते हैं। यदि अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की मार्गदर्शन व्यवस्था को सुधार लिया, तो समय की बर्बादी और भ्रम दोनों कम किए जा सकते हैं।

## इंदौर: दूषित पानी से हुई 24 मौतों के बाद राहुल गांधी आज शहर में करेंगे हालात का जायजा

### कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष शनिवार 17 जनवरी को इंदौर में, प्रशासन और कांग्रेस नेताओं से बैठक की संभावना

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण हाल ही में 24 लोगों की मौत हो चुकी है। इस गंभीर स्थिति का जायजा लेने के लिए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार, 17 जनवरी को इंदौर पहुंचेंगे।

राहुल गांधी का दौरा प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय कांग्रेस नेताओं से मुलाकात के लिए तय किया गया है। उनका मकसद शहर में दूषित पानी की समस्या, प्रभावित परिवारों की स्थिति और राहत कार्यों की समीक्षा करना है।

हालांकि, इस दौरान इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों की सक्रियता भी दिखाई देगी। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए तैयारी शुरू कर दी है, ताकि सांसद का दौरा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से पूरा हो सके।

इस दौरे के दौरान संभावित रूप से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया जाएगा और राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। शहरवासियों की उम्मीदें इस दौरे से जुड़ी हुई हैं, क्योंकि क्षेत्र में स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी मुद्दे गंभीर रूप ले चुके हैं।



# खबर समय पर

मध्य प्रदेश>छत्तीसगढ़

Friday 16th January 2026



ग्वालियर: नकाबपोश बदमाशों ने ऑटो स्पेयर पार्ट्स कारोबारी से 32 हजार रुपए लूटे

## कट्टा तानकर मोबाइल और ई-स्कूटी की चाबी भी छीनी, पुलिस जांच में जुटी

ग्वालियर के महाराजपुरा थाना क्षेत्र में एक डरावनी वारदात सामने आई है। दुकान बंद कर घर लौट रहे ऑटो स्पेयर पार्ट्स कारोबारी के रास्ते में दो नकाबपोश बाइक सवार बदमाश ने कट्टा तानकर उसे धमकाया और मोबाइल व 32,000 रुपए नगद लूट लिए। बदमाश भागते समय कारोबारी की ई-स्कूटी की चाबी भी छीन ली, जिससे उसकी वाहन भी सुरक्षित नहीं रही। पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे और साक्षियों से जानकारी जुटाई जा रही है।

## BREAKING NEWS

उज्जैन: सड़क चौड़ीकरण के विरोध में सड़क पर उतरे निवासी और व्यापारी

उज्जैन शहर में प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों के बीच संदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग (विक्रम मार्ग) तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में शुक्रवार को स्थानीय निवासी और व्यापारी सड़क पर उतर आए।

लक्ष्मी नगर चौराहे पर मंच लगाकर उन्होंने सड़क चौड़ीकरण योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि योजना से उनके व्यवसाय और घर प्रभावित होंगे, और उन्होंने अधिकारियों से प्रभावित लोगों के हितों का ध्यान रखने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में रखते हुए मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की

## उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण के विरोध में निवासियों और व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

उज्जैन शहर में शहर के प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों के बीच, संदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग (विक्रम मार्ग) तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में शुक्रवार को स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

लक्ष्मी नगर चौराहे पर मंच लगाकर प्रदर्शनकारियों ने सड़क चौड़ीकरण योजना के खिलाफ अपनी मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि योजना से कई व्यापारिक प्रतिष्ठान और निवास प्रभावित होंगे, जिससे उनके रोजमर्रा के जीवन और व्यवसाय पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम और संबंधित अधिकारियों से अपील की कि वे प्रस्तावित चौड़ीकरण योजना पर पुनर्विचार करें और प्रभावित लोगों के हितों का ध्यान रखें। प्रदर्शन के दौरान मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी।

### संदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के खिलाफ लक्ष्मी नगर चौराहे पर धरना और प्रदर्शन



# खबर समय पर

मध्य प्रदेश>छत्तीसगढ़

Friday 16th January 2026



छतरपुर में कड़ाके की ठंड, न्यूनतम तापमान गिरकर 7 डिग्री सेल्सियस

## गुरुवार-शुक्रवार की रात ठंड बढ़ी, मौसम विभाग ने सुबह 8:30 बजे दर्ज किया तापमान

छतरपुर जिले में गुरुवार-शुक्रवार की रात न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह गुरुवार की रात के 7.4 डिग्री सेल्सियस से 0.4 डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान शुक्रवार सुबह 8:30 बजे रिकॉर्ड किया गया। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है, इसलिए लोग आवश्यक सावधानियां बरतें।

## BREAKING NEWS

इंदौर में भारत-न्यूज़ीलैंड मैच से पहले गौतम गंभीर और शीतांशु कोटक ने महाकालेश्वर मंदिर में की पूजा

इंदौर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच आगामी क्रिकेट मैच से पहले भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच शीतांशु कोटक शुक्रवार को महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे।

दोनों ने मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। कोचिंग स्टाफ का यह कदम खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा और शुभकामनाओं का प्रतीक माना जा रहा है। इंदौर में शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच शीतांशु कोटक महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। दोनों ने सुबह की भस्म आरती में हिस्सा लिया और भगवान महाकाल से टीम की जीत और मैच की सफलता की कामना की। मंदिर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने उन्हें देखा और टीम इंडिया के लिए आशीर्वाद दिया। यह दौरा भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच से पहले किया गया।

## रतलाम में MD ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़, 10 किलो से अधिक एमडी ड्रग बरामद

रतलाम जिले के चिकलाना गांव में पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। छापे के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में 10 किलो से अधिक एमडी ड्रग और लगभग 3 करोड़ रुपये मूल्य के रासायनिक पदार्थ बरामद किए। इसके अलावा, फैक्ट्री परिसर से 12 बोर की अवैध बंदूक, 91 जिंदा कारतूस, और दो मोर व चंदन की लकड़ियां भी जब्त की गई हैं। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई से नशा तस्करी और अवैध व्यापार पर बड़ा झटका लगा है। मामले की आगे की विवेचना जारी है और आरोपी फरार हैं।

⚠️ रतलाम में एमडी ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़, पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई



# खबर समय पर

मध्य प्रदेश>छत्तीसगढ़

Friday 16th January 2026




छतरपुर: निर्माणाधीन तोरण द्वार गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

## नौगांव में हादसा, ग्राम विला निवासी संतोष अहिरवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

छतरपुर जिले के नौगांव में एक निर्माणाधीन तोरण द्वार गिरने की घटना में ग्राम विला निवासी संतोष अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर करने की सिफारिश की। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## BREAKING NEWS

जनरल कोच में दो महिलाएं समेत तीन यात्री घायल, रेलवे सुरक्षा बल ने मौके पर जांच की

उदयपुर में एक गंभीर घटना सामने आई है, जब चलती ट्रेन पर अचानक पत्थरबाजी की गई। इस हमले में जनरल कोच में सवार दो महिलाएं और एक अन्य यात्री घायल हो गए। पत्थरबाजी के दौरान ट्रेन के कोच के कांच टूट गए, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। घायलों का प्राथमिक इलाज रेलवे टीम द्वारा किया गया और उन्हें सुरक्षित रखा गया। रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई करने की संभावना है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल RPF हेल्पलाइन पर दें।

## यूपी में मौसम का बदला मिज़ाज: 35 जिलों में घना कोहरा, विजिबिलिटी शून्य तक

उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट ली है। कड़ाके की ठंड के बीच घने कोहरे ने प्रदेश के 35 जिलों को अपनी चपेट में ले लिया।

मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ, बाराबंकी और अन्य जिलों में विजिबिलिटी कई स्थानों पर शून्य तक पहुंच गई, जिससे सड़क और रेल मार्गों पर यात्रा कठिन हो गई।

विशेषकर पांच जिलों में 8वें मार्गों पर वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि सड़कों पर धीमी गति से चलें और आवश्यक होने पर ही यात्रा करें।

### लखनऊ और बाराबंकी सहित कई जिलों में सड़कों पर सफर हुआ मुश्किल, वाहन चालकों को सतर्क रहने की चेतावनी



# खबर समय पर

मध्य प्रदेश>छत्तीसगढ़

Friday 16th January 2026




छतरपुर: दो सहेलियों ने बागेश्वर धाम में रचाई शादी, परिजनों से भिड़ंत में पुलिस के सामने गुहार

## 'मार लो मुझे, मगर उसे मत ले जाओ'—5 साल के प्यार के बाद अंजली और मोहिनी ने धाम में शादी की

छतरपुर में दो सहेलियाँ अंजली और मोहिनी ने अपने 5 साल के प्यार के बाद बागेश्वर धाम में शादी कर ली। शादी के समय और बाद में परिजनों के विरोध के कारण थाने में हंगामा हो गया। थाने में अंजली ने अपनी सहेली मोहिनी को अपने पास रखने की गुहार लगाई और कहा, "मार लो मुझे, मार लो... मगर उसे मत ले जाओ।" पुलिस ने स्थिति को शांत किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना स्थानीय लोगों के लिए भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

## BREAKING NEWS

वाराणसी में स्पा सेंटर के नाम पर चल रहे देह व्यापार पर पुलिस ने किया छापा

वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के खजुरी स्थित आजाद नगर कॉलोनी में पुलिस ने एक मकान में चल रहे देह व्यापार रैकेट पर छापेमारी की। मकान मालिक सैयद समीर सिद्दीकी अपने ही घर में स्पा सेंटर के नाम पर यह रैकेट चला रहा था। मुखबिर की सूचना के बाद हुई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने संचालिका (सिद्दीकी की पत्नी), गाजीपुर की एक महिला और विशेश्वरगंज के एक ग्राहक मोहम्मद वसीम को हिरासत में लिया। जबकि मुख्य संचालक समीर सिद्दीकी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस को मौके से शराब की बोतलें और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई हैं। अधिकारियों ने कहा कि फरार आरोपियों की खोज जारी है और जल्द ही उन्हें पकड़ा जाएगा। आजाद नगर जैसी पॉश कॉलोनी में अचानक हुई पुलिसिया कार्रवाई से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को लंबे समय से यहां अनैतिक गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। तलाशी के दौरान कमरे से मिली आपत्तिजनक सामग्री और शराब की बोतलें यह पुष्टि करती हैं कि यहां स्पा की आड़ में संगठित देह व्यापार नेटवर्क चलाया जा रहा था।

## रामपुर: बंदर ने छत पर चढ़कर किया 1 लाख रुपये का 'लूट', नोटों की हुई बारिश

उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में एक शरारती बंदर ने छत पर चढ़कर 1 लाख रुपये के थैले को लूट लिया और वहां से नोटों की बारिश कर दी। घर की खूंटी पर टंगा यह थैला बंदर के हाथ लगते ही वह पैसों के साथ छत पर जा बैठा।

नीचे लोग बरसते असली नोटों को देखकर भीड़ जमा हो गई और कुछ लोग नोट इकट्ठा करने लगे। मकान मालिक की शोर मचाने और पड़ोसियों की मदद से बंदर के चंगुल से थैला वापस लिया जा सका।

यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और लोगों के लिए हंसी और हैरत का मिश्रण बन गई है। स्थानीय लोग इसे "छत से नोटों की बारिश" कहकर मज़े ले रहे हैं।

### घर की खूंटी पर टंगे पैसों के थैले पर शरारती बंदर ने किया कब्जा, भीड़ में मचा हड़कंप

